प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.06.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

08 वें योग दिवस के अवसर पर योग शिविर कार्यशाला का किया गया भव्य आयोजन-

आज दिनांक **21.06.2022** को *"**8**वें ~ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस"* के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा ग्राउंड में योग शिविर कार्यशाला का आयोजन सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त श्री रणवीर प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों तथा अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों के साथ किया गया, जिसकी थीम *"**मानवता के लिये योग**"* थी, जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा भी इस योग शिविर कार्यशाला में बढ़-चढ के हिस्सा लिया गया, इस दौरान सामूहिक रुप से योग प्रशिक्षक द्वारा सभी को योग के प्रति जागरुक करते हुए योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी को नियमित रुप से योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में पुलिस लाइन महोबा प्रांगड में भी योग शिविर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी लाइन/कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को योग प्रशिक्षक द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है अपितु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है, तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों को दिनचर्या में शामिल करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त जनपदीय पुलिस के समस्त थानों/चौकी तथा पुलिस कार्यालयों में भी योग शिविर/कार्यशाला का आयोजन कर योगाभ्यास किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.06.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोंकथाम हेतु अवैध शस्त्रधारक अभियुक्तों की सघन चेकिंग व उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 21.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री तेजबहादुर सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर पुलिस टीम को उस समय एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई जब, थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री दिनेश तिवारी द्वारा उ0नि0 रामप्रताप यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थानाक्षेत्रान्तर्गत अतरारमाफ से समसेरा की ओर जाने वाली सडक के पास से 02 नफर अभियुक्तों क्रमशः 1.अमित पाठक पुत्र महादेव प्रसाद उम्र 36 वर्ष नि0 बाघाट थाना सेन्धरी जनपद निवाडी म0प्र0 2.हिम्मत सिंह यादव पुत्र आशाराम उम्र 58 वर्ष नि0 बाघाटपुरा थाना सेन्धरी जनपद निवाडी म0प्र0 को पुलिस हिरासत में लिया जिनके कब्जे से क्रमशः 01-01 अदद (कुल 02 अदद) देशी तमंचा 12 बोर व 02-02 (कुल 04 अदद) अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया, गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थानास्थानीय में क्रमशः मु0अ0सं0 98/22 व 99/22 धारा 3/25 **A. ACT** पंजीकृत किया गया व गिरफ्तार अभियुक्तों को मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 रामप्रताप यादव
2. का0 सत्यदेव सिंह 3.का0 जगवीर सिंह

गिरफ्तार अभियुक्त –

1. अमित पाठक पुत्र महादेव प्रसाद उम्र 36 वर्ष
2. हिम्मत सिंह यादव पुत्र आशाराम उम्र 58 वर्ष
निवासीगण बाघाटपुरा थाना सेन्धरी जनपद निवाडी म0प्र0।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.06.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना पनवाड़ी व जनपदीय एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, मौके से 20,800/-रू0, 04 मोटरसाइकिल, 04 मोबाइल बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलने वाले अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 20.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी प्रभारी उ0नि0 राहुल कुमार परमार के नेतृत्व में व थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित की गयी संयुक्त पुलिस टीम ने जमाला गावं के उत्तर पश्चिम दिशा मे विरमा नदी के किनारे ताश पत्तो से हारजीत की बाजी लगाकर जुंआ खेल रहें 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 01. देवेन्द्र ठाकुर पुत्र विजय सिंह उम्र करीब 32 वर्ष 02. अरविन्द सिंह पुत्र शिवसिंह उम्र करीब 36 वर्ष 03. गोविन्द सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह उम्र करीब 27 वर्ष 04. संतोष पुत्र लखन प्रजापति उम्र करीब 38 वर्ष को मय मालफड 18500/- रुपये व जामातलाशी 2300/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते सहित गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्वन्ध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 107/2022 धारा **13 G ACT** पंजीकृत किया गया, इस दौरान 04 अदद मोटरसाइकिल, 04 अदद मोबाइल फोन बरामद किये गये, बरामद 04 मोटरसाइकिलों में 02 लवारिस पायी गयीं सभी मोटरसाकिलों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज की कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम –

थाना पनवाड़ी पुलिस टीम –

1. उप नि. रमेश कुमार यादव
2. कां विकास कुमार 3.कां विजय कुमार
4. कां धीरज गुप्ता 5. कां सुदयवीर 6. म.कां. खुशबू

जनपदीय एसओजी पुलिस टीम –

1. उ0नि0 राहुल कुमार परमार 2. उ0नि0 नन्हेलाल यादव
3. कां अंशुल दुबे 4. कां अभिजीत पाण्डेय
5. कां धर्मेन्द्र कुमार 6. कां दीपक कुमार

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.06.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में योग दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के समस्त पुलिस थानों/कार्यालयों में चलाया गया !! स्वच्छता अभियान !!

आज दिनांक 21.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महोबा पुलिस के समस्त थानों/कार्यालयों एवं पुलिस लाईन में स्वच्छता अभियान चलाकर थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस,परिसर एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानो पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गयी।

थानों पर कार्यरत कर्मियों द्वारा थाना परिसर के साथ-साथ बैरकों, मालखाना, मेस, थाना कार्यालय की साफ-सफाई के साथ शस्त्रों की सफाई भी की गयी साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया तथा आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।

“ करें योग रहें निरोग ”